## संक्षिप्त

### पोल को नहीं ठीक किया

**भरतपुर** (निस)। मथुरा गेट थाना इलाके में एक बिजली का पोल दो बहनों के ऊपर गिर गया। घटना में बडी बहन की मौत हो गई वहीं उसकी छोटी बहन गंभीर रूप से घायल हो गई। आज महिला के शव का पोस्टमार्टम करवाया गया। महिला के पिता का आरोप है कि उनके घर के पास लगा बिजली का पोल 6 महीने से जर्जर हालत में था। जिसकी शिकायत भी की गई थी। लेकिन, बीईएसएल ने कोई सुनवाई नहीं कि। रमजान निवासी मछली मोहल्ला ने बताया कि मेरी लडकी जीनत की शादी मथुरा में हुई है। उसके बच्चों की छुट्टियां हो जाने के मेरी बेटी जीनत अपने पीहर आई हुई थी। कल शाम करीब 6 बजे वह घर के बाहर बैठी थी। अचानक से मेरे घर के पास लगा बिजली का पोल गिरा। बिजली का पोल पूरी तरह से जर्जर था। जिसकी शिकायत 6 महीने पहले बीईएसएल कंपनी से की गई थी। बिजली के पोल के साथ मेरे मकान का छज्जा भी मेरी बेटी के ऊपर जा गिरा। उसके पास मेरी छोटी बेटी रुबीना भी खडी हुई थी। घटना में उसके शरीर पर भी कई जगह चोट आई है। घटना के बाद पूरे मोहल्ले में भगदड मच गई। जिसके बाद मेरी दोनों बेटियों को तुरंत अस्पताल लाया गया। जहां मेरी बडी बेटी जीनत को मृत घोषित कर दिया। उसके गर्दन में गंभीर चोट आई थी। रुबीना अभी घर पर ही है। बिजली का पोल सीमेंट का था।चौबुर्जा चौकी इंचार्ज राकेश मान ने बताया कि मछली मोहल्ले में बिजली का पोल गिरने से जीनत नाम की महिला की मौत हो गई थी। जिसके शव को कल आरबीएम अस्पताल में रखवा दिया था। आज उसके शव का पोस्टमार्टम करवाया गया है। महिला के परिवार वालों ने बिजली विभाग के खिलाफ एफआईआर दी है।

### ब्राह्मण महासंघ के ब्लॉक अध्यक्ष घोषित

**करौली ।** ब्राह्मण महासंघ जिला करौली के जिला अध्यक्ष पंडित योगेश शर्मा और जिला प्रभारी महेश पाराशर की अनुशंसा व प्रदेश अध्यक्ष वेद प्रकाश उपाध्याय बंटू नेता की सहमति से जिला महामंत्री सत्यनारायण महेरा द्वारा जिला करौली ब्राह्मण महासंघ संगठन में संगठन दृष्टि से ब्लॉक अध्यक्ष एवं ब्लॉक महामंत्री के पद पर नियुक्तियां दी जाती हैं जो की निम्नानुसार है, श्रीमहावीर जी ब्लॉक अध्यक्ष शिवदत्त शर्मा और महामंत्री विजयकृष्ण शर्मा, गुढाचंद्रजी ब्लॉक अध्यक्ष योगेंद्र शर्मा और महामंत्री आशुतोष शर्मा ,टोडाभीम ब्लॉक अध्यक्ष रामचंद्र शर्मा (डीड राइटर) और महामंत्री रमेश हरदेनिया, मेहंदीपुर बालाजी ब्लॉक अध्यक्ष कैलाश शर्मा, हिंडौन ब्लॉक अध्यक्ष रविकांत शर्मा और महामंत्री नरेंद्र शर्मा , सूरौठ ब्लॉक अध्यक्ष रामनिवास शर्मा खेडीहैवत और महामंत्री रमन कटारा सोमली, मासलपुर ब्लॉक अध्यक्ष बालकृष्ण शुक्ला और महामंत्री दीनदयाल कौशिक ,कैलादेवी ब्लॉक अध्यक्ष जगदीश शर्मा और महामंत्री सुरेश चंद शर्मा खोहरी, सपोटरा ब्लॉक अध्यक्ष चेतन शर्मा और महामंत्री टीकम पाराशर,कुडगांव ब्लॉक अध्यक्ष जगदीश शास्त्री मंडावरा और महामंत्री राजेश पाराशर, महू अट्ठाईसा परिक्षेत्र ब्लॉक अध्यक्ष रामअवतार शर्मा पाली और महामंत्री विष्णु दयाल शर्मा बेलखेडा को नियुक्त किया गया है।

### ड्यूटी मजिस्ट्रेट नियुक्त

**करौली,** । जिला मजिस्ट्रेट नीलाभ सक्सेना ने बताया कि पंचायत उपचुनाव जून 2025 कार्यक्रम के अनुसार वार्ड पंच के रिक्त पदों पर निर्वाचन के लिए नाम निर्देशन प्रक्रिया 25 मई से 27 मई तक सम्पन्न होगी। उन्होंने बताया कि निर्वाचन प्रक्रिया को निष्पक्ष एवं भय मुक्त सम्पन्न कराये जाने के लिए तहसीलदार एवं कार्यपालक मजिस्ट्रेट हिण्डौन सीमा बघेल को पंचायत समिति हिण्डौन की ग्राम पंचायत मण्डावरा के वार्ड पंच नम्बर 12 हेतु व तहसीलदार एवं कार्यपालक मजिस्ट्रेट बालघाट मुकुट सिंह को पंचायत समिति टोडाभीम की ग्राम पंचायत मोरडा के वार्ड पंच नम्बर 4 हेतु ड्यूटी मजिस्ट्रेट नियुक्त किया गया है। उन्होंने इस संबंध में संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश भी जारी किये है।

### जिला शिक्षा अधिकारी पद पर नियुक्ति

**करौली ।** शिक्षा विभाग के हुए तबादलों में पुष्पेंद्र कुमार शर्मा करौली के प्रारंभिक जिला शिक्षा अधिकारी पद पर और सर्वेश गुप्ता को समसा में एडीपीसी पद पर नियुक्त किया। पुष्पेंद्र कुमार शर्मा डाइट में प्राचार्य की पद पर कार्यरत थे जिनको प्रारंभिक जिला शिक्षा अधिकारी के पद पर इसी प्रकार सर्वेश कुमार गुप्ता करौली में सी बी ईओ पद पर थे जिनको अब शिक्षा विभाग बीकानेर के द्वारा किए गए स्थानांतरण सूची में नियुक्ति दी है।

# सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र कैमरी में मौसमी बीमारियों के रोगी बढ़े

**चिकित्साकर्मियों ने हीट स्ट्रोक से बचाव के उपाय बताए**

**हिंडौन सिटी।** जगदीश धाम कैमरी के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में डॉक्टरों सहित नर्सिंगकर्मियों ने हीट स्ट्रोक से बचाव के उपाय बताए । सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र प्रभारी डॉ. सुरेन्द्र हरसाना ने बताया कि मौसम के बदले मिजाज के बीच इन दिनों मौसमी बीमारियां फैल रही है। लोग उल्टी,दस्त, डिहाइड्रेशन आदि की चपेट में आ रहे हैं।

जिसमें गर्म हवा लू के प्रकोप व हीट स्ट्रोक से बचाव के लिए कहा गया है। आयुर्वेद औषधलाय के प्रभारी डॉ. जितेन्द्र खटाना का कहना है कि ऐसे मौसम में बच्चों से लेकर वृद्धजन को बेहोशी, मांसपेशियों में जकड़न, चिड़चिड़ापन, सिरदर्द, अधिक पसीना आने, दिल की धड़कन तेज चलने जैसी समस्या आती है। अस्पतालों में हीट स्ट्रोक, हीट रैश, और हीट वेव से प्रभावित लोगों की जांच, उपचार की व्यवस्थाएं करवाई जा रही है। उन्होंने बताया कि लगातार बढ़ रहे तापमान व तेज गर्मी के कारण रोगियों की संख्या बढ़ रही है।

फार्मासिस्ट वीरेन्द्रसिंह पंवार ने कहा कि बच्चे मौसमी बीमारियों की चपेट में अधिक आ रहे हैं। हीट स्ट्रोक से बचने के लिए बचाव ही उपचार है बच्चों को दोपहर में खेलने ना दें और उनकी देखभाल करते रहे । कम्प्यूटर ऑपरेटर सुमरन खटाना ने बताया कि सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पर मरीजों की सुबह से ही भीड़ लगना शुरू हो जाती है। ओपीडी में रोजाना 50 से अधिक रोगी आ रहे हैं। मरीजों की भीड़ अधिक होने से भर्ती कक्ष में जगह की कमी हो गई है। इन रोगियों में बच्चों की संख्या अधिक है। ग्रामीणों ने बताया कि सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में विशेषज्ञ चिकित्सक नहीं होने के कारण परेशानी का सामना करना पड़ता है। जिससे गंभीर स्थिति में मरीजों को शहरों के अस्पतालों में जाना पड़ता है। हॉस्पिटल स्टाफ सहित जगदीश मंदिर ट्रस्ट और समाजसेवी अस्पताल में सुविधाएं बढ़ाने के लिए प्रयासरत है । समाजसेवी भूपेन्द्र खटाना अधैत ने बताया कि हीट स्ट्रोक से बचने के लिए समय समय पर पानी पीते रहे अपने आप को हाइड्रेट रखें, ओआरएस नींबू पानी नारियल पानी का सेवन करे, दोपहर के समय बाहर जाने से बचें, यदि बाहर जाना बेहद जरूरी हो तो छाते का इस्तेमाल करे या सर को ढक कर रखे, दुकानों और घरों में सूर्य की सीधी रोशनी को रोकने के लिए पर्दे पर ग्रीन नेट का इस्तेमाल करें, मौसमी फल तरबूज, खरबूजा, संतरा का सेवन करे । इस दौरान सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र प्रभारी डॉ. सुरेन्द हरसाना सहित डॉ. जितेन्द्र खटाना तेशगांव, कम्प्यूटर ऑपरेटर सुमरन खटाना अधैत, फार्मासिस्ट वीरेन्द्र पंवार, डाटा एंट्री ऑपरेटर पूरन मेहर, मेल नर्स मिथलेश मीना, स्वास्थ्य मार्गदर्शक बिजेन्द्र खटाना एवं भूपेन्द्र खटाना अधैत, नर्सिंग कर्मी फिरोज खान, मूलचंद, पवन कुमार, महेश सिंह सहित सभी स्टाफ मौजदू रहा ।

## हस्ताक्षर अभियान चलाया

**भरतपुर** (निस)। संवर्धिनी महिला समिति द्वारा आज भरतपुर में ऑपरेशन सिंदूर की सफलता व भारतीय सेना के शौर्य को प्रणाम करते हुए एक बैनर पर ऑपरेशन सिंदूर के समर्थन में हस्ताक्षर अभियान चलाया गया। इस बैनर पर लोगों ने भारत माता की जय भारतीय सेना जिंदाबाद आई लव इंडियन आर्मी, वंदे मातरम के साथ सोफिया कुरैशी और व्योमिका सिंह जैसी भारत की बेटियों पर गर्व है जैसे सैकड़ो शुभकामना संदेश भारतीय सेना के लिए लोगों ने लिखे। इस अभियान की संयोजिका कविता गोयल ने बताया कि हमारी सेवा अपने निर्दोष नागरिकों की हत्या का बदला ले चुकी है जो भी भारत की तरफ आंख उठा कर देखेगा हमारी सेवा उसे मुंह तोड़ जवाब देगी। इस अवसर पर महिला समन्वय की विभाग संयोजिका सोनिला गौड़ ने कहा कि सिंदूर जैसी कोमल और पवित्र भावना के साथ जो नापाक हरकत आतंकवादियों ने की उसका जवाब हमारे देश की सेना और सरकार ने बखूबी दिया है।हम अपने देश की सेना और सरकार को ऑपरेशन सिंदूर की सफलता की शुभकामनाएं देते है। हमारी सेना हमारा गर्व है।इस अवसर पर अंजना सोनी, ऋचा शर्मा, शकुन सोनी, शशि फौजदार, कल्पेश शर्मा,कुसुम ,आशा शर्मा,करुणा ,अनुराधा,दीपशिखा,मोनिका शर्मा सहित ओर भी महिलाएं उपस्थित रही।

## योगाभ्यास काउंट डाउन कार्यक्रम शुरू

**करौली ।** आयुर्वेद विभाग के उपनिदेशक नंद कुमार शर्मा ने बताया कि 11 वें अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस 21 जून की तैयारियां आयुर्वेद विभाग ने शुरू कर दी है उन्होंने बताया कि इस बार योग दिवस एक पृथ्वी एक स्वास्थ्य की थीम पर मनाया जावेगा चूंकि योग न केवल व्यक्तिगत स्वास्थ्य को मजबूत करता है बल्कि हमें पृथ्वी के सम्पूर्ण जीव जन्तु एवं पर्यावरण के साथ जोडने का कार्य करता है, और स्वस्थ्य पर्यावरण ही समग्र स्वास्थ्य का आधार है । डॉ. शर्मा ने बताया कि योग दिवस को सफल बनाने के लिए 30 दिवसीय काउंट डाउन कार्यक्रम शुरू किया गया है, जिसमें जिला स्तर, ब्लॉक एवं पंचायत स्तर पर 20 मई से 20 जून तक सार्वजनिक स्थलों पर योगाभ्यास कार्यक्रम होंगे। एक जिला स्तरीय, 7 ब्लॉक स्तरीय व 241 ग्राम पंचायतो पर योग, कोई परिसर तथा जेल इस प्रकार 251 स्थानों पर योग कराया जावेगा। जिले के अन्तगर्त सभी ब्लॉको पर प्रभारी (नोडल योग) तय कर दिये है, साथ ही आयुष्मान आरोग्य मंदिर पर महिला व पुरुष प्रशिक्षको द्वारा योग कराया जा रहा है करौली जिला मुख्यालय पर सिटी पार्क, रेस्ट हाऊस (डाक बंगला), स्टेडियम तथा मेला ग्राउंड चटीकना में योगाभ्यास कराया जा रहा है ।

## समता कार्यकर्ताओं की बैठक संपन्न

**करौली ।** समता वादी विचारधारा से जुड़े कार्यकर्ताओं की बैठक संपन्न करौली जातिगत आरक्षण के दुष्परिणामों से असमान रोजगार के अवसर सामाजिक एवं आर्थिक असमानता से सामाजिक समरसता में लगातार आ रही गिरावट को ध्यान में रखते हुए समतावादी विचारधारा से जुड़े कार्यकर्ताओं की बैठक का आयोजन जिला कलेक्ट्रेट के सामने सिटी पार्क में जिला अध्यक्ष मेजर सूबेदार नरेश सिंह बिनेगा की अध्यक्षता में किया गया

बैठक को संबोधित करते हुए नरेश सिंह ने बताया कि विभिन्न प्रकार की असमानताओं के चलते सामाजिक ताना-बाना एवं समरसता में लगातार आ रही गिरावट को रोकने के लिए संविधान सम्मत समान अबसर सृजित किए जाने को आवश्यक बताया उन्होंने कहा कि जातिगत आरक्षण के आर्थिक दुष्परिणाम सभी के सामने हैं गरीब, गरीब होता चला जा रहा है और अमीर, और अमीर होता चला जा रहा है। गरीब और अमीरों के बीच की खाई अत्यधिक गहरी होती चली जा रही है। इस आर्थिक असमानता पर उन्होंने गहरी चिंता व्यक्त करते हुए त्याग की भावना में आने बाली गिरावट के कारण सक्षम एवं अमीर, गरीबों के हक में अपने आरक्षण का त्याग करना नहीं चाहता जिससे सामाजिक सौहार्द एवं व्यवस्था पूरी तरह छिन्न, भिन्न होती चली जा रही है। बैठक में सामाजिक आर्थिक असमानताओं के संदर्भ में शारदा मेडिकल के दीपक गुप्ता, डॉ देव कुमार गोड ने समता आंदोलन समिति के संदर्भ में बताया कि यह समिति पूर्णतया गैर राजनीतिक, संविधान एवं कानून के अनुसार सभी वर्ग के युवाओं को समान रोजगार के अवसर उपलब्ध करवाए जाने के उद्देश्य से कार्यरत है। बैठक में सर्वसम्मति से ईश्वरी शरण शर्मा सेवानिवृत प्राचार्य को समता आंदोलन समिति के जिला सचिव पद पर मनोनीत किया गया है। बैठक में यह भी निर्णय लिया गया है कि अध्यक्ष एवं सचिव मिलकर 15 दिवस के अंदर संपूर्ण कार्यकारिणी का नवीनीकरण किए जाने की जिम्मेदारी भी दी गई है। बैठक में विष्णु दरुरा, प्रदीप भारद्वाज, रामसिंह राजावत, नरेंद्र सिंह जादौन सहित कई कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## दो चिकित्सक मिले अनुपस्थित

करौली । ग्रीष्म ऋतु में हीटवेव और लू तापघात के अलर्ट पर तैयारी और व्यवस्थाओं का जायजा सीएमएचओ डॉ. जयंती लाल मीणा ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मासलपुर का औचक निरीक्षण कर लिया और हीटवेव के लिए आरक्षित वार्ड में कूलर एवं एसी लगवाने व सफाई करवाकर वैडों को व्यवस्थित कराने के निर्देश प्रदान किए एवं एवं निरीक्षण के दौरान नदारद चिकित्सकों के खिलाफ कार्रवाई के निर्देश प्रदान किए

सीएमएचओ द्वारा भर्ती वार्ड में मरीज से सेवाओं का फीडबैक लिया और जांच देखकर किए जा रहे उपचार से रूबरू हुए उन्होंने जेएसवाई वार्ड में मौजूद प्रसूताओं से सेवाओं की गुणवत्ता का पता कर दो बच्चों में गैप के लिए परिवार नियोजन के साधन अपनाने की समझाइश की एवं जेएसवाई वार्ड में बिजली न आने की स्थिति में इनवर्टर से पंखा संचालन के निर्देश प्रदान किए। उन्होंने संस्था पर गंदगी पाए जाने पर सफाई कराने, स्टोर में एकत्रित खराब सामान की कार्यवाही करने, दवा स्टोर में दवाओं को व्यवस्थित रखवाने, दवाओं को अवधि पार होने से बचाने हेतु निर्देशित किया।

## अधिशाषी अभियंता 3 लाख रुपये लेते रंगे हाथों गिरफ्तार

**हिंडौन सिटी।** एसीबी मुख्यालय के निर्देश पर एसीबी करौली ईकाई द्वारा आज कार्यवाही करते हुये भावनी सिंह मीणा अधिशाषी अभियंता सार्वजनिक निर्माण विभाग हिण्डौन सिटी जिला करौली द्वारा परिवादी से उसकी फर्म मैसर्स संतोष कन्ट्रक्शन कम्पनी नसिया कॉलोनी गंगापुर सिटी द्वारा वित्तीय वर्ष 2024-25 में सार्वजनिक निर्माण विभाग हिण्डौन सिटी प्रथम व द्वितीय में टेंडर प्राप्त कर 43.19 लाख रुपये के कराये गये रोड मेन्टीनेन्स (पेच रिपेयरिंग) के कार्यों में से 10 लाख रुपये का बिल बनाकर 8.35 लाख का फर्म को भुगतान करने एवं शेष राशि का भी स्वंय द्वारा भुगतान कराने की कहकर बतौर कमीशन 3 लाख रुपये रिश्वत राशि की मांग कर उक्त मांग के अनुसरण में रिश्वती राशि 3 लाख रूपये परिवादी को उसके लडके सहित अपने निज आवास गंगापुर सिटी पर बुलाकर परिवादी से प्राप्त करना एवं प्राप्त की गई 3 लाख रुपये की राशि उसके कब्जे से मकान के अन्दर बैडरूम में बिछे डबल बैड के उपर बिछी चादर पर रखी हुई होकर बरामद होने पर रंगे हाथों गिरफ्तार किया है।

भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो के महानिदेशक पुलिस डॉ. रवि प्रकाश मेहरडा ने बताया कि एसीबी चौकी करौली को एक शिकायत इस आशय कि मिली कि परिवादी से उसकी फर्म द्वारा कराये गये पेच रिपेरिंग कार्यों की 43.19 लाख में से 10 लाख रुपये का बिल बनाकर 8.35 लाख का फर्म को भुगतान करने एवं शेष राशि का भी स्वंय द्वारा भुगतान कराने की कहकर बतौर कमीशन 3 लाख रुपये रिश्वत राशि की मांग कर परेशान किया जा रहा है। जिस पर एसीबी भरतपुर रेंज के उप महानिरीक्षक पुलिस श्री राजेश सिंह के सुपरविजन में श्री जगदीश भारद्वाज पुलिस निरीक्षक एसीबी करौली द्वारा ट्रेप कार्रवाई करते हुये श्री भवानी सिंह मीणा अधिशाषी अभियंता सार्वजनिक निर्माण विभाग हिण्डौन सिटी जिला करौली को परिवादी से 3 लाख रुपये रिश्वत राशि लेते हुये रंगे हाथों गिरफ्तार किया गया है।

## मदन राठौड का स्वागत किया

**भरतपुर** (निस)। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेष अध्यक्ष मदन राठौड का भरतपुर आगमन पर भारतीय जनता पार्टी के कर्मठ कायकर्ताओं द्वारा जोषीला स्वागत किया। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेष अध्यक्ष मदन राठौड़ का अपने व्यक्तिगत कार्य से आगरा जाते समय भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं द्वारा लुधावईटोल प्लाजा पर जोषीला स्वागत किया। प्रदेष अध्यक्ष मदन राठौड़ ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भारतीय सषस्त्र बलों ने ऑपरेषन सिंदूर को सफलतम अंजाम दिया है। जिससे भारतीय नागरिकों का गौरव प्रबल हुआ है। प्रत्येक नागरिक सेना के साथ मुस्तैदी से खड़ा है, राजस्थान सरकार की जनकल्याणकारी नीतियों का बखान करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री भजनलाल षर्मा ने राजस्थान की गौरवमयी जनता के लिए जो कदम उठाए हैं, उनको प्रत्येक भाजपा कार्यकर्ता जन-जन तक पहुंचाने का कार्य करें।

# करौली में संविधान बचाओ रैली निकाली

**करौली।** राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा के निर्देशानुसार एवं जिला कांग्रेस कमेटी करौली के अध्यक्ष शिवराज मीणा के नेतृत्व में शुक्रवार को भंवर विलास पैलेस मैरिज गार्डन में संविधान बचाओ रैली का भव्य आयोजन करौली में किया गया।

जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष शिवराज मीणा ने बताया कि यह अभियान कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे एवं देश के नेता विपक्ष राहुल गांधी के मार्गदर्शन में पूरे भारतवर्ष में चलाया जा रहा है उन्होंने बताया कि संविधान बचाओ रैली की शुरुआत पहलगांव आतंकी हमले और ऑपरेशन सिंदूर में शहीद हुए हमारे वीर जवानों व निर्दोष नागरिकों को श्रद्धांजलि देते हुए दो मिनट के मौन के साथ की गई। इस रैली में क्षेत्र के सैंकड़ों कार्यकर्ताओं एवं नागरिकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और लोकतंत्र एवं संविधान की रक्षा के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराई।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए संभाग प्रभारी गजराज खटाना ने कहा कि हमारा संविधान देश की आत्मा है इसे कमजोर करने वाली हर ताकत का मिलकर मुकाबला करना होगा। कांठोस पार्टी हमेशा से लोकतंत्र की सच्ची रक्षक रही है और आगे भी रहेगी।सांसद भजनलाल जाटव ने अपने वक्तव्य में कहा कि आज देश में संविधान और लोकतांत्रिक संस्थाओं पर हमला हो रहा है। ऐसे समय में हर जागरूक नागरिक का कर्तव्य है कि वह संविधान की रक्षा के लिए आगे आए।जिला प्रभारी संजय कुमार जाटव ने कहा कि यह रैली जनहित के मुद्दों को उठाने और संविधान विरोधी नीतियों के खिलाफ आवाज बुलंद करने का मंच है।संविधान बचाओ रैली के जिला समन्वयक के. सी. मीणा ने सभी कार्यकर्ताओं एवं आम नागरिकों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि आप सभी की उपस्थिति और समर्थन ने यह सिद्ध कर दिया है कि करौली की जनता संविधान और लोकतंत्र के प्रति पूरी तरह जागरूक और प्रतिबद्ध है।विधायक घनश्याम महर ने कहा कि यह रैली केवल कार्यक्रम नहीं बल्कि लोकतंत्र और संविधान की रक्षा का जनसंकल्प है।विधायक श्रीमती अनीता जाटव ने कहा कि करौली की जनता ने आज यह साबित कर दिया कि संविधान की रक्षा के लिए वह पूरी तरह तैयार और जागरूक है। इस अवसर लाखन सिंह मीना, कन्हैयालाल शर्मा, रवि गुर्जर, अमित मुद्गल,भूपेन्द्र भारद्वाज, पुष्पेंद्र मीना, रक्षीलाल बैरवा, अभय कुमार मीणा, जलधारी मीणा, चैनसिंह मीना सहित जिले के समस्त पदाधिकारी, ब्लॉक अध्यक्ष, कांठोस कार्यकर्ता और आमजन उपस्थित रहे।

## जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक

**भरतपुर** (निस)। जिला कलेक्टर अमित यादव ने चिकित्सा अधिकारियों को स्वास्थ्य सूचकांकों में सुधार कर जिले को अग्रणीय जिलों में लाने के लिये विशेष प्रयास करने के निर्देश दिये। उन्होंने सभी चिकित्सा संस्थानों पर संस्थागत प्रसव को बढ़ाने, आयुष्मान कार्ड के पात्र लाभार्थियों की शत प्रतिशत ई केवाईसी एएनएम व आशाओं के माध्यम से करवाने, आयुष्मान कार्ड वितरण करने, मौसमी बीमारियों पर विशेष ध्यान देने, सभी चिकित्सा संस्थानों पर गर्मी एवं हीट वेव की व्यवस्था करने, एएनसी करने, चिकित्सा संस्थान पर उपस्थित रहने, टीकाकरण कवरेज पूर्ण करने, चिकित्सा संस्थानों को लक्ष्य सर्टिफिकेटशन करवाने, यू विन में एंट्री करने, एच पी आर आई डी बनाने के निर्देश दिए द्य कलक्टर सभागार में शुक्रवार को आयोजित जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक में यह निर्देश दिए।

# सवाई माधोपुर में मंगेतर रही युवती का गला रेतकर हत्या

**सिरफिरे युवक ने अपनी मंगेतर रही युवती की उसी के घर में घुसकर दिनदहाड़े चाकू से गला रेतकर हत्या कर दी**

**सवाईमाधोपुर।** तू मेरी नही हुई तो में तुझे किसी और कि भी नही होने दूंगा कुछ ऐसी ही घटिया सोच रखने वाले एक सिरफिरे युवक ने अपनी मंगेतर रही युवती की उसी के घर में घुसकर दिनदहाडे चाकू से गला रेतकर हत्या कर दी । इतना ही नही आरोपी युवक युवती की हत्या करने के बाद थाने पहुंच गया और पुलिस को सरेंडर कर दिया । पुलिस ने आरोपी को डिटेन कर लिया और आरोपी से पूँछतांछ की । घटना सवाई माधोपुर जिला मुख्यालय की है । उदय सिंह मीणा ,पुलिस उपाधीक्षक ( शहर ) सवाई माधोपुर ने बताया कि

सवाई माधोपुर जिला मुख्यालय के पुराने शहर स्थित कोली मोहल्ला में शुक्रवार को उस वक्त सनसनी फैल गई जब दिनदहाडे एक युवक ने घर मे घुसकर एक युवती की गला रेतकर हत्या कर दी । इतना ही नही युवती की हत्या करने के बाद आरोपी कोतवाली थाने पहुंच गया ओर अपने आप को सरेंडर कर दिया । पुलिस ने आरोपी को डिटेन कर हिरासत में ले लिया । वही हत्या की सूचना और कोतवाली थाना पुलिस मौके पर पंहुँची और शव को कब्जे में कर जिला अस्पताल की मिर्चारी पहुंचाया । जहाँ पुलिस द्वारा शव के पोस्टमार्टम की कार्यवाही करवाई की गई । पुलिस के मुताबिक मृतक युवती शहनाज है ,जबकि आरोपी युवक इकबाल है ,पुलिस के मुताबिक करीब एक साल पुलिस शहनाज़ एंव इकबाल की सगाई हुई थी और दोनों एक दूसरे के मंगेतर थे ,लेकिन करीब दो माह पूर्व शहनाज़ के परिजनों ने इकबाल से शहनाज़ का रिश्ता तोड दिया । जिसके चलते इकबाल डिप्रेशन में था और इसी डिप्रेशन के चलते इकबाल ने शहनाज की गला रेतकर हत्या कर दी । पुलिस पूँछतांछ में इकबाल ने अपना जुर्म कबूल करते हुवे बताया कि वो शहनाज़ से बेइंतहा मोहब्बत करता था और उसके बिना नही रह सकता था ,सगाई टूटने के बाद इकबाल शहनाज को घर से भगाकर भी ले जाना चाहता था ,लेकिन इसके किये शहनाज़ तैयार नही हुई , ऐसे में इकबाल में आक्रोश में आकर तू मेरी नही हुई तो में तुझे किसी ओर की भी नही होने दूंगा की सोच के साथ आज मौका पाकर शहनाज को मौत के घाट उतार दिया ।

सनकी एंव सिरफिरे आशिक मंगेतर इकबाल द्वारा शहनाज़ की गला रेतकर हत्या करने की घटना से हर कोई स्तब्ध है । मृतका शहनाज़ के भाई एंव बहिन का कहना है कि आज उनके घर पर कोई भी नही था ,परिजन किसी काम से टोंक गये हुवे थे और उसकी माँ हॉस्पिटल में एडमिट थी वही बड़ी बहिन नवाज पढ़ने गई हुई थी ,जिसका फायदा उठाकर इकबाल घर मे घुस गया और शहनाज़ की गला रेतकर हत्या कर दी ,मृतका की बहिन ने बताया कि आरोपी इकबाल सगाई तोड़ने के बाद परिजनों को लगातार धमका रहा था और कह रहा था कि शहनाज़ मेरी नही हुई तो में उसे किसी ओर की भी नही होने दूंगा ओर उसकी हत्या कर दूंगा , मृतका की बहिन जेबा का कहना है कि आरोपी इकबाल शहनाज़ की हत्या करने के बाद उसके पास आया और चाकू दिखाते हुवे कहा कि उसने उसकी बहिन को मार दिया है । जिसके बाद वो घर पहुंची तो शहनाज़ लहूलुहान हालत में बिस्तर पर पड़ी हुई थी ,उसके गले से खून बह रहा था और पूरा बिस्तर ओर बेड खून से लथपथ था । वही सगाई तोड़ने को लेकर मृतका के भाई का कहना है कि आरोपी इकबाल की हरकतें ठीक नही थी जिसके चलते उसके परिजनों द्वारा सगाई तोड दी गई , ओर आज मौका पाकर इकबाल ने शहनाज़ की हत्या कर दी ।

## सार-समाचार

### विद्यार्थियों ने लहराया अपना परचम

**हिंडौन सिटी।** माध्यमिक शिक्षा बोर्ड की ओर से गुरुवार शाम जारी किए गए 12वीं कक्षा के परीक्षा परिणाम में आशीष मेमोरियल पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल, हिंडौन सिटी के विद्यार्थियों ने सर्वश्रेष्ठ परीक्षा परिणाम देकर अपना परचम पूरे जिले फहराया है। स्कूल के प्रधानाचार्य वर्धमान जैन ने जानकारी देते हुए बताया कि माध्यमिक शिक्षा बोर्ड की ओर से जारी परीक्षा परिणाम में 12वीं विज्ञान वर्ग में प्रियांशु बंसल ने सर्वाधिक 99.40 अंक प्राप्त किए हैं । इसी तरह दिव्यांशी सारस्वत ने 97.60 ,पलक गुप्ता ने 97 , मीनाक्षी गुर्जर ने 96.40 , आरुषि अठावाल ने 95.80 , पीयूष कुमार महावर ने 95. 40 ,आराधना पाराशर ने 95 ,उत्कर्ष गुप्ता ने 94.60 , वंश जैन ने 94. 20 , भूमि अरोड़ा ने 93.80 ,कोस्तुभ ने 93 ,अनुज धाकड ने 92.40 ,ध्रुव पाराशर ने 92. 20 दर्शिल सिंघल ने 91. 20 ,रिद्धि बंसल ने 90 अंक प्राप्त किए हैं। इसी तरह वाणिज्य वर्ग में कनिष्का शर्मा ने 95. 20 अंक प्राप्त कर जिले में प्रथम स्थान प्राप्त किया साथ ही कनिका बिंदल ने 87. 80 ,सुहानी जैन ने 82. 80 , शिवानी मित्तल ने 80. 60 , डोली मित्तल ने 80 ,कबीर खत्री ने 78.80 ,भविष्य स्वर्णकार ने 72. 20 ,और श्रेया राजावत ने 70.40 अंक प्राप्त किए हैं ।इस प्रकार आशीष मेमोरियल पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल का 12वीं कक्षा विज्ञान और वाणिज्य वर्ग का परीक्षा परिणाम न केवल जिले में बल्कि संपूर्ण राज्य में भी सर्वश्रेष्ठ रहा है । इस अवसर पर स्थानीय विद्यालय के ऋद्धि चंद जी जैन एडवोकेट, प्रशासक अशोक शर्मा, प्रधानाचार्य वर्धमान जैन एवं पूर्व प्रधानाचार्या विकास शर्मा ने सभी बच्चों को अपनी इस उपलब्धि पर माला और साफा पहनाकर उनका सम्मान किया एवं उनके उज्जवल भविष्य की कामना की । इस अवसर पर स्थानीय विद्यालय से गिरीश चौहान, वेद प्रकाश गौतम, देशराज सिंह, नीरज सोनी, जितेंद्र सिंह, महेश चंद महावर, अश्विनी कुमार, रेशू जैन ,बृजेश नागर, बालमुकुंद महावर, वीरेंद्र सिंह, पूनम जैन ,अर्चना जैन, काजल पाराशर,आशीष कपूर,राजवीर आदि उपस्थित रहे।

### कलक्टर ने सुनी परिवेदनाएं

**करौली ।** आमजन की समस्याओं की सुनवाई व उनके त्वरित निस्तारण के लिए अतिरिक्त जिला कलक्टर हेमराज परिडवाल ने श्रीमहावीरजी पंचायत समिति की ग्राम पंचायत पटौंदा में रात्रि चौपाल के दौरान जनसुनवाई आयोजित की गई। जनसुनवाई में अतिरिक्त जिला कलेक्टर ने राजस्थान सम्पर्क पोर्टल पर प्राप्त एवं लम्बित प्रकरणों का 15 दिन के अन्दर निस्तारण करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिये। गर्मी के मौसम को देखते हुए अतिरिक्त जिला कलक्टर ने रात्री चौपाल में प्राप्त आमजन की परिवेदनाओं को गंभीरता से निस्तारण करने के निर्देश अधिकारियों को दिये जिससे की पेयजल के संबंध में किसी प्रकार की समस्या का सामना नहीं करना पडें। जनसुनवाई में अतिरिक्त जिला कलक्टर ने परिवादियों की समस्याएं संवेदनशीलता सुनी और उनके शीघ्र निस्तारण के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिये। जिससे आमजन को अनावश्यक रूप से किसी भी प्रकार की समस्या का सामना नहीं करना पडे। इस दौरान जल जीवन मिशन के तहत पेयजल आपूर्ति करवाने, नाली बनवाने, रोड की मरम्मत करवाने, अतिक्रमण हटवाने, आधार कार्ड बनवाने सहित विभिन्न विभागों कुल 35 परिवाद प्राप्त हुए। जिन पर अतिरिक्त जिला कलेक्टर ने प्रत्येक प्रकरण की व्यक्तिगत सुनवाई करते हुए संबंधित अधिकारियों को शीघ्रता से नियमानुसार कार्यवाही करने एवं आमजन को लाभान्वित करवाने के निर्देश प्रदान किए।अतिरिक्त जिला कलेक्टर ने आगामी मानसुन को देखते हुए ग्राम पंचायतों में अधिक से अधिक वृक्षारोपण कर हरियालो राजस्थान को सफल बनाने की अपील की जिससे पर्यावरण स्वच्छ बन सके साथ ही अपनी पंचायतों में उचित साफ-सफाई कर सौन्दर्यीकरण सुनिश्चित करने को कहा। रात्री चौपाल के दौरान मुख्य कार्यकारी अधिकारी शिवचरण मीणा, कृषि विभाग के संयुक्त निदेशक वीडी शर्मा, पशुपालन विभाग के संयुक्त निदेशक डॉ गंगासहाय मीणा, सूचना जन संपर्क कार्यालय के सहायक निदेशक धर्मेन्द्र कुमार मीणा, विकास अधिकारी ज्ञान सिंह सहित अन्य जिला एवं ब्लॉक स्तरीय अधिकारी, कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में परिवादी उपस्थित रहे।

### प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन

**भरतपुर** (निस)। भारतीय सरसों अनुसंधान संस्थान, भरतपुर में एक दिवसीय हिन्दी कार्यशाला-सह राजभाषा प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य राजभाषा हिन्दी के प्रयोग को प्रोत्साहित करना तथा कार्य व्यवहार में उसकी शुद्धता, प्रभावशीलता एवं वैज्ञानिकता को सुनिश्चित करना रहा। कार्यशाला के अध्यक्षीय संबोधन में संस्थान के निदेशक एवं राजभाषा कार्यान्वयन समिति के अध्यक्ष डॉ. विजय वीर सिंह ने कहा कि हिन्दी न केवल हमारी राजभाषा है, बल्कि यह वैज्ञानिक एवं तकनीकी विषयों की सहज अभिव्यक्ति का भी सक्षम माध्यम है। उन्होंने यह भी कहा कि हमें कार्यालयीन कार्यों में अधिकाधिक हिन्दी का प्रयोग करते हुए इसे केवल एक औपचारिक दायित्व न मानकर अपने कार्य की गुणवत्ता एवं पारदर्शिता बढ़ाने का माध्यम बनाना चाहिए। उन्होंने सभी अधिकारियों, वैज्ञानिकों एवं कर्मचारियों से आ ान किया कि वे राजभाषा नीति के अनुरूप कार्य करते हुए हिन्दी के प्रयोग को एक संवेदनशील, सृजनात्मक एवं सशक्त संचार साधन के रूप में अपनाएं। कार्यशाला के मुख्य वक्ता श्री नरेंद्र निर्मल, प्राचार्य (सेवानिवृत्त), यदुराज नगर, भरतपुर द्वारा वर्तनी की शुद्धिरू लेखन की आत्मा विषय पर एक प्रभावशाली एवं व्यावहारिक व्याख्यान प्रस्तुत किया गया। उन्होंने हिन्दी लेखन में सामान्य त्रुटियों, वर्तनी सुधार, भाषा की व्याकरणिक शुद्धता और स्पष्ट अभिव्यक्ति पर विस्तार से प्रकाश डाला। उपस्थित प्रतिभागियों ने इस व्याख्यान को अत्यंत उपयोगी एवं ज्ञानवर्धक बताया।

### महापंचायत का ऐलान

**बयाना भरतपुर ।** राजस्थान में एक बार फिर गुर्जर आंदोलन की आहट सुनाई देने लगी है। गुर्जर आरक्षण संघर्ष समिति के अध्यक्ष विजय बैंसला, भूरा भगत और श्रीराम बैसला ने 8 जून को बयाना उपखंड के गांव कारबारी पीलूपुरा में महापंचायत आयोजित करने की घोषणा की है। इससे पहले, पीलूपुरा स्थित शहीद स्मारक पर आयोजित श्रद्धांजलि सभा में 2007 के आंदोलन में शहीद हुए 72 गुर्जर आंदोलनकारियों को श्रद्धांजलि दी गई। हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी 23 मई को यह श्रद्धांजलि सभा आयोजित की गई, जिसमें समाज के सैकड़ों लोग उपस्थित रहे। श्रद्धांजलि सभा में बयाना विधायक ऋतु बनावत ने भी भाग लिया। उन्होंने कहा कि वे गुर्जर समाज के हर सुख-दुख में साथ खड़ी रहेंगी। साथ ही उन्होंने शहीद स्मारक के विकास के लिए 21 लाख रुपये देने की घोषणा की। इस अवसर पर समिति के अध्यक्ष विजय बैंसला ने समाज को एकजुट रहने और अपने अधिकारों के लिए संघर्ष जारी रखने का आव्हान किया। सभा में भूरा भगत, श्रीराम बैसला सहित बड़ी संख्या में गुर्जर समाज के लोग उपस्थित रहे। महापंचायत को लेकर प्रशासन सतर्क है और आगामी दिनों में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर तैयारियां तेज होने की संभावना है।

### समता आन्दोलन की बैठक

**भरतपुर** (निस)। अग्रसेन नगर फेज-2 भरतपुर में कॉलोनी के मनोहरी जोशी की अध्यक्षता में समता आन्दोलन की बैठक रखी गई। जिसमें एट्रोसिटी एक्ट के दुरुपयोग, उपवर्गीकरण, पदोन्नित में आरक्षण, जातिगत आरक्षण आदि ज्वलंत मुद्दों पर चर्चा हुई। साथ में 31 मई 2025 को समता आंदोलन समिति के स्थापना महोत्सव में सांय साढ़े पांच बजे गिरीश रिसॉर्ट कली की बगीची पर अधिकाधिक संख्या में सम्मलित होने का आ ान किया। इस अवसर पर केदारनाथ पाराशर, अशोक कुमार सारस, मनोहरी जोशी, होती लाल लवानियां,भानु प्रकाश शर्मा, अजीत पाल लवानियां,मगन अवस्थी,सुरेश चन्द जैन,योगेश दीक्षित, गिरधारीलाल आदि अनेक गणमान्य लोग उपस्थित हुए। आभार व धन्यवाद हनोहरी जोशी ने व्यक्त किया ।

### सम्मान समारोह सम्पन्न हुआ

**भरतपुर ( निस )।** लायंस क्लब भरतपुर कोहिनूर का अध्यक्षीय भोज एवं भव्य सम्मान समारोह सम्पन्न हुआ। जिसमें मुख्य अतिथि एमजेएफ रीजन चेयरपर्सन प्रवीण फौजदार, विशिष्ट अतिथि पीएमजेएफ प्रेमपाल सिंह एवं जेडसी रविकुमार सिंघल रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता क्लब अध्यक्ष विजय सिंह ने की। क्लब सचिव रामवीर डागुर ने वर्ष भर किए सेवा कार्यो की रिपोर्ट सदन मैं पढ़ कर प्रस्तुत की। इस मौके पर मुख्य अतिथि प्रवीण फौजदार ने क्लब द्वारा किए कए सेवा कार्यो का सराहना करते हुए कहा कि हम लायनवाद के साथी सही मायने में मानव सेवा को समर्पित हैं इसलिए लायंस क्लब दुनिया का सबसे

